आई टी एल पब्लिक स्कूल

पूर्ववार्षिक परीक्षा कार्यपत्रिका (2025-26)

विषय- हिंदी

दिनांक ः फरवरी 2026 — कक्षाः पंचम

समय ः 2 घंटे — कुल अंक ः 50

नामः

सामान्य निर्देश- 1) इस कार्यपत्रिका में 3 पृष्ठ, 4 भाग और कुल 13 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क पठन कौशल | |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।<br>बैंगलोर भारत के दक्षिणी राज्य कर्नाटक की राजधानी है। यह शहर अपने आईटी हब, सुंदर बाग़ों, और समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। इसे "गार्डन सिटी ऑफ इंडिया" भी कहा जाता है। यहाँ के प्रमुख आकर्षणों में बेंगलोर पैलेस, लुब्बन गार्डन, और बेंगलोर फोर्ट शामिल हैं। बैंगलोर में कई प्रमुख आईटी कंपनियों के कार्यालय हैं। यहाँ की संस्कृति में कर्नाटक संगीत और यक्षगान प्रमुख हैं। बैंगलोर के व्यंजनों में बिसिबेलेबथ, इप्पा, और मंगलोरियन फिश करी प्रसिद्ध हैं। यहाँ के लोग मुख्य रूप से कन्नड़ भाषा बोलते हैं। बैंगलोर में कई प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान हैं। यह शहर अपने उद्यानों और हरे-भरे वातावरण के लिए जाना जाता है। बैंगलोर में कई प्रमुख उत्सव मनाए जाते हैं। | |
| | 1. बैंगलोर को क्या कहा जाता है?<br>अ) गार्डन सिटी ऑफ इंडिया ब) आईटी सिटी ऑफ इंडिया स) कर्नाटक की राजधानी | |
| | 2. बैंगलोर का प्रमुख आकर्षण क्या है?<br>अ) बैंगलोर पैलेस ब) रोज़ गार्डन स) कुंभलगढ़ फोर्ट द) ताजमहल | |
| | 3. बैंगलोर में कौन सी भाषा मुख्य रूप से बोली जाती है?<br>अ) हिंदी ब) तमिल स) तेलुगु द) कन्नड | |
| | 4. बैंगलोर का प्रसिद्ध व्यंजन क्या है?<br>उत्तरः बैंगलोर के व्यंजनों में बिसिबेलेबथ, इप्पा, और मंगलोरियन फिश करी प्रसिद्ध हैं। | |
| | 5. बैंगलोर को आईटी हब क्यों कहा जाता है?<br>उत्तरः बैंगलोर में कई प्रमुख आईटी कंपनियों के कार्यालय हैं।इसलिए इसे आईटी हब कहा जाता है। | |
| | भाग-ख भाषा कौशल | |
| प्रश्न 2 | दिए गए शब्दों से विशेषण बनाइए।<br>(क) भारत (ख) लखनऊ (ग) घर<br>(क) भारतीय (ख) लखनवी (ग) घरेलू | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिहन् लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) टीना ने आते ही कहा  ओह आज मुझे बहुत काम करना है<br>(ख) अमन ने पूछा  चाचा जी आप क्या कर रहे है<br>(ग) गाँव में गाय भैंस ऊँट और भेड़ आदि पशु पाले जाते हैं<br>(घ) क्या मेरा मित्र दूध दही खाता है<br>उत्तरः (क) टीना ने आते ही कहा, " ओह! आज मुझे बहुत काम करना है।"<br>(ख) अमन ने पूछा, "चाचा जी, आप क्या कर रहे है ?"<br>(ग) गाँव में गाय ,भैंस ,ऊँट और भेड़ आदि पशु पाले जाते हैं।<br>(घ) क्या मेरा मित्र दूध- दही खाता है? | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में गलत विराम चिहन् के स्थान पर सही विराम चिहन् लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) क्या मोहित ने अपने पैसे वापिस माँगे ?<br>(ख) समीर ने कहा, " मैं दीपावली के दिन कुरता पहँनूगा ।"<br>(ग) पिताजी बारी - बारी से पौधों को पानी क्यों देते हैं?<br>(घ) वाह ! राम और मोहन की दोस्ती प्रसिद्ध है। | |
| प्रश्न 5 | कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार विशेषण रिक्त स्थान में भरिए।<br>(क) मेरे जन्मदिन पर मुझे ------सात------ उपहार मिले। (संख्यावाचक विशेषण )<br>(ख) अंगूर बहुत ------खट्टे------ थे। ( गुणवाचक विशेषण)<br>(ग) प्रसाद के लिए ----दो किलो-- लड्डू ले आओ। (परिमाणवाचक विशेषण )<br>(घ) ----ये----- पुस्तकें मेरे पिताजी ने दी हैं। (सार्वनामिक विशेषण) | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण व विशेष्य अलग करके लिखिए।<br>(क) दो लीटर दूध से खोया निकाला गया। विशेषण दो लीटर व विशेष्य दूध<br>(ख) मेरे घर के पास तीस पेड़ लगे हैं। तीस पेड़<br>(ग) तुम कल सफ़ेद कुरता खरीद लेना। सफ़ेद कुरता | |
| प्रश्न 7 | दिए गए वाक्यांशों के लिए शब्द लिखिए ।<br>(क) सत्य बोलने वाले (ख)काम से जी चुराने वाला (ग) जिसका संबंध विज्ञान से हो<br>(क) सत्यवादी (ख) कामचोर (ग) वैज्ञानिक | |
| | भाग-ग साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।<br>(क) धरोहर (ख) निर्मल (ग) विशाल (घ) करुणा<br>(ङ) आशंकित (च) योजना (छ) सौम्य<br>(क) अमानत (विरासत) (ख) पवित्र (ग) बहुत बड़ा (घ)दया | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ङ) भयभीत (च) रूपरेखा (छ) शांत | |
| प्रश्न 9 | रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें।<br>(क) अजंता की ––गुफाओं–– के चित्र बहुत सजीव हैं।<br>(ख) उत्तर ––भारत–––––के एक सुंदर सरोवर में तीन मछलियाँ रहती थी।<br>(ग) गोमुख से थोड़ा नीचे ––गंगोत्री––– में मेरा भव्य मंदिर है ।<br>(घ) हरिद्वार के पास से एक ––नहर–––– निकाली गई जिसे गंगा नहर कहा जाता है। | |
| प्रश्न 10 | दिए गए तथ्यों को सही करके लिखिए।<br>(क) कानपुर भारत का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है।<br>(ख) पश्चिम बंगाल पहुँचते- पहुँचते मेरा रंग मटमैला हो जाता है।<br>(ग) तीसरी मछली शिकारियों के जाल में फँस गई।<br>(क) कानपुर भारत का प्रसिद्ध औद्योगिक नगर है।<br>(ख) काशी पहुँचते- पहुँचते मेरा रंग मटमैला हो जाता है।<br>(ग) तीसरी मछली मछुआरों के जाल में फँस गई। | |
| प्रश्न 11 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में दें।<br>(क) अजंता के चित्रों में किस प्रकार के रंग प्रयोग किए गए है व क्यों?<br>उत्तरः इन चित्रों में पत्तों, फूलों, खनिजों और जड़ी-बूटियों से बने रंग प्रयोग किए गए थे। ये रंग पूरी तरह से प्राकृतिक होते थे, इसलिए ये रसायनिक रंगों की तरह हज़ारों वर्षों में भी फीके नहीं पड़ते और आज भी चमकदार दिखाई देते हैं।<br>(ख) आपको कौन-सी मछली सबसे अच्छी लगी और क्यों?<br>उत्तरः हमें प्रत्युत्पन्नमति मछली सबसे अच्छी लगी क्योंकि उसने अपनी तेज़ बुद्धि और चतुराई से मुसीबत के समय अपनी जान बचा ली।<br>(ग) गंगा के तट पर बसे औद्योगिक नगरों के नाम बताते हुए उनसे होने वाली हानि बताइए ?<br>उत्तरः कानपुर, पटना, भागलपुर, कोलकाता आदि नगर गंगा नदी के किनारे बसे औद्योगिक नगरों हैं। कारखानों से निकलने वाला गंदा पानी गंगा नदी में ही डाला जाता है। | |
| प्रश्न12 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दें।<br>(क) "हमारे ये कलामंदिर" पाठ से हमें कौन-सी ज़िम्मेदारी लेने की शिक्षा मिलती है?<br>उत्तरः यह पाठ हमें यह शिक्षा देता है कि अजंता और एलोरा जैसी कलाकृतियाँ हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं। हमें इनकी सुंदरता को बनाए रखना चाहिए। हमें इन स्मारकों को छूने, खुरचने या उन पर कुछ भी लिखने से बचना चाहिए, ताकि ये आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित रहें।<br>(ख) नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए क्या करना चाहिए?<br>1 कारखानों से निकलने वाला गंदा पानी और कचरा नदियों में छोड़ने से रोकना चाहिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| | 2 लोगों को नदियों की स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना चाहिए। <br> (ग) तीनों मछलियों के नाम लिखते हुए बताइए कि कौन-सी मछली आलसी थी व क्यों? <br> उत्तरः प्रत्युत्पन्नमति , यद्भविष्य , अनागतविधाता तीनों के नाम थे इनमें से यद्भविष्य आलसी थी क्योकि वह मेहनत नही करना चाहती थी और किस्मत पर भरोसा रखती थी। | |
| | भाग- घ लेखन कौशल | |
| प्रश्न13 | विद्यालय की ओर से पिकनिक का आयोजन करवाने के लिए प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए। <br> अथवा <br> बीमारी के लिए दो दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए। <br> छात्र अपनी रचनात्मकता के आधार पर किसी एक विषय पर स्वयं लिखेंगे। | |